

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**"IN THE WAR AGAINST COVID 19, WE HAVE TO FIGHT AND WE HAVE TO WIN": LOK SABHA SPEAKER**

**'SELF-DISCIPLINED WAY OF LIFE HAS EMERGED AS THE IDENTITY OF NEW INDIA': LOK SABHA SPEAKER**

**New Delhi 09 April 2020:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, shared his thoughts at a meeting of the Rotary Club of India, via Video Conferencing, from his residence in New Delhi today. During the meeting, Shri Birla commended the Rotary Club for having completed one hundred years of charitable activities in India.

Noting that right now the world is facing one of its greatest challenges, Shri Birla said that we are all making collective efforts to stop the spread of COVID 19 in India. He observed that in these testing times Prime Minister Shri Narendra Modi had taken an important decision with regard to stopping the spread of this deadly disease; a decision that has helped us to successfully contain the outbreak of COVID 19 in our country. Shri Birla cautioned that the fight against COVID 19 is a long one and we all must remain resolute in our dedication to eradicate this pandemic. in this context, he called upon all stakeholders to be vigilant and said that "in this war against COVID 19, we have to fight and we have to win."

Referring to the role of the people, Shri Birla said that it is laudable that despite having a very large population, all Indians have been able to observe precautions and specified measures in a disciplined manner. He underlined the fact that all of us have adhered to all guidelines issued by the Government and health experts and need to maintain this momentum. He said that the self-disciplined way of life has emerged as the identity of New India.

Praising thousands of doctors, nurses, sanitation workers, police and security personnel who are at the forefront of the fight against this disease, Shri Birla said that these corona warriors require all our help and support, and we must make efforts to boost their morale and provide Personal Protection Equipment like masks and sanitizers in sufficient quantities. Shri Birla expressed his optimism by saying that 'I have noticed widespread enthusiasm and resilience among our people to defeat COVID-19 and they will win.'

Shri Birla lauded the fact that Rotary Club has been working in the service of humanity in more than two hundred countries worldwide and hundreds of thousands of Rotarians are providing admirable service to families, communities and to the larger society. He said that Rotarians are engaged in their own professional occupations, yet they find the time to volunteer for and serve society. He praised the work of Rotary Club and said that, "Whenever a Rotarian takes up a resolution, they follow through, not only in India but across the globe."

Shri Birla further said that organizations like Rotary Club can provide valuable inputs and services in these crucial times. Referring to the spirit of Rotarians, he emphasized that the poor and destitute require our care and assistance and we must ensure that no one goes hungry in this time of need.

**"COVID 19 के खिलाफ युद्ध में, हमें लड़ना होगा और जीतना भी  होगा": लोकसभा अध्यक्ष**

**'आत्म-अनुशासित जीवनशैली  न्यू इंडिया की पहचान बनकर उभरी है': लोकसभा अध्यक्ष**

**नई दिल्ली 09 अप्रैल 2020:** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोटरी क्लब ऑफ इंडिया की एक बैठक में अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान, उन्होंने  भारत में जनसेवा के एक सौ साल पूरे करने के लिए रोटरी क्लब की सराहना की।

यह उल्लेख करते हुए कि अभी दुनिया COVID 19 के रूप में अपनी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक का सामना कर रही है, श्री बिरला ने कहा कि हम सभी भारत में COVID 19 के प्रसार को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस घातक बीमारी के प्रसार को रोकने के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है; एक निर्णय जिसने हमें हमारे देश में COVID 19 के प्रकोप को सफलतापूर्वक रोकने में मदद की है। श्री बिरला ने आगाह किया कि COVID 19 के खिलाफ लड़ाई एक लंबी प्रक्रिया  है और इस बीमारी को मिटाने के लिए हम सभी को दृढ़ता से कार्य करना होगा।   इस संदर्भ में, उन्होंने सभी हितधारकों का आह्वान किया कि "COVID 19 के खिलाफ इस युद्ध में, हमें लड़ना होगा और जीतना भी होगा।"

COVID 19 से संघर्ष में लोगों की भूमिका का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह प्रशंसनीय है कि बहुत बड़ी आबादी होने के बावजूद, सभी भारतीय अनुशासित तरीके से सावधानी और निर्दिष्ट उपायों का पालन कर रहे  हैं। उन्होंने इस तथ्य को भी  रेखांकित किया कि, हम सभी ने सरकार और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा जारी किए गए सभी दिशानिर्देशों का पालन किया है और इस गति को बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीवन का आत्म-अनुशासित तरीका न्यू इंडिया की पहचान बनकर उभरा है।

हजारों डॉक्टरों, नर्सों, स्वच्छता कर्मचारियों, पुलिस और सुरक्षा कर्मियों को, जो इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे हैं, की प्रशंसा करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि इन कोरोना योद्धाओं को हमारी मदद और समर्थन की आवश्यकता है, और हमें प्रयास करना चाहिए कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे मास्क और सैनिटाइज़र प्रदान किये जाएँ। श्री बिरला ने कहा  कि 'मैंने COVID -19 को हराने के लिए हमारे लोगों में व्यापक उत्साह और संकल्प देखा है और वे निस्संदेह जीतेंगे।'

श्री बिरला ने इस बात के लिए रोटरी क्लब की सराहना की कि वह  दुनिया भर में दो सौ से अधिक देशों में मानवता की सेवा में काम कर रहा है और हजारों रोटेरियन परिवारों, समुदायों और समाज की सराहनीय सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोटेरियन अपने स्वयं के व्यावसायिक व्यवसायों में लगे हुए हैं, फिर भी वे समाज के लिए स्वेच्छा से सेवा करते हैं।उन्होंने रोटरी क्लब के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि, "जब भी कोई रोटेरियन संकल्प लेता है, वे भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में इसका अनुसरण करते हैं।"

श्री बिरला ने आगे कहा कि रोटरी क्लब जैसे संगठन इस महत्वपूर्ण समय में जनसेवा के महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं । रोटेरियन्स की जनभावना का उल्लेख करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे समय में गरीबों और निराश्रितों को हमारी देखभाल और सहायता की आवश्यकता है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी भूखा न रहे।